# एनएच-30 पर ट्रक और हाईवा की टक्कर



**नारायणगंज, देशबन्धु।** विगत दिवस रात्रि में एनएच 30 नारायणगंज टिकरिया मार्ग में एक ट्रक और हाईवा की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद हाइवा बीच सडक में आड़ा हो गया और दूसरा वाहन ट्रक अनियंत्रित होकर एक घर की ओर जा घुसा। ये तो उस घर में रहने वालो की किस्मत अच्छी थी कि घर की दीवार से टकराने के पूर्व ही ट्रक रूक गया था। वरना रात के वक्त हुए इस हादसे में जनहानि भी हो सकती थी। बाल बाल घर के लोग बच गए। बताया गया कि हादसा होते ही जोरदार आवाज सुनकर घर के लोग बाहर आए तब उन्हें हादसे का पता चला। लेकिन इस घटना में दोनों वाहन के चालकों को मामूली चोटे आई है। घटना विगत देर रात की बताई गई है। दूसरे दिन भी मार्ग अवरूद्ध रहा। बमुश्किल से वाहन निकल पा रहे थे। भारी वाहनों की कतार लग गई थी। छोटे वाहन और दोपहिया वाहन आसानी से निकल पा रहे थे। मार्ग में फंसे हाईवे को अलग करने के लिए क्रेन बुलाई गई थी, लेकिन क्रेन आने में काफी समय लग गया। जिसके कारण शुक्रवार को दोपहर तीन बजे के बाद ही जबलपुर मंडला मार्ग में आवागमन सुचारू हो सका।

बताया गया कि विगत रात्रि ट्रक क्रमांक आरजे 42 जीए 4300 जबलपुर से मंडला की ओर जा रहा था। वहीं सामने से आ रहा डंपर क्रमांक सीजी 10 डीआर 7721 मंडला में जबलपुर की ओर जा रहा था। नेशनल हाइवे 30 में टिकरिया थाने के नजदीक और कुड़ामैली के बीच दोनों वाहनों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद डंपर बीच सडक में ही आड़ा हो गया और ट्रक सडक से नीचे उतरते हुए एक घर की ओर जा घुसा। जोरदार आवाज के बाद घर सदस्य बाहर आए और घटना देखकर भौचक रह गए। हादसे की जानकारी तत्काल टिकरिया पुलिस को दी गई। रात्रि में ही मार्ग में फंसे हाईवे को अलग करने का प्रयास किया गया, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। जाम की स्थिति बन गई, जिसके कारण बमुश्किल से वाहनों की आवाजाही हो पा रही थी। दोपहर तक यातायात सुचारू हो गया।

# जल चौपाल में ग्रामीणों ने नाला के गहरीकरण का किया संकल्प



**मंडला, देशबन्धु।** मंडला विकासखंड के ग्राम मानादेही और तिंदनी में विश्व जल दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह अंर्तगत जल चौपाल आयोजित किया गया। जल चौपाल में उपस्थित प्रतिभागियों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया। आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मंडला, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, मड़ईजर, परम्परागत, जडी-बूटी एवं वैकल्पिक चिकित्सा विकास परिषद एवं अनुसंधान केन्द्र, महाराजपुर और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता और छात्रों ने मिलकर किया।

जल चौपाल में 30 मार्च से 30 जून तक मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण और संवर्धन के प्रति जन जागरूकता, नदियों और जल संरचनाओं का संरक्षण और संवर्धन और वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुर्नजीवन और जल संरक्षण के तकनीकों को अपनाने में सहयोग देने का संकल्प लिया गया। ग्राम मानादेही के रंगमंच में आयोजित जल चौपाल में विषय विशेषज्ञ गजेन्द्र गुप्ता और संतोष यादव ने जल संरक्षण के उपायों पर चर्चा की। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मंडला विकासखंड समन्वयक संतोष झारिया ने ग्रामीणों से वृक्षारोपण का आव्हान किया।

# शिक्षक ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या



**मोहगांव देशबन्धु।** मोहगांव थाना क्षेत्र मुख्यालय मोहगांव वार्ड नंबर चार में किराए पर रहने वाले प्राथमिक शिक्षक पंकज उईके के रूम में प्राथमिक शिक्षक सुनील धुर्वे ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी बताया जा रहा है कि पंकज उईके प्राथमिक शिक्षक गिठर वार्ड नंबर 4 हरिश्चंद्र झरिया के मकान पर लगभग दो वर्ष से किराए पर रह रहा है वहीं मृतक सुनील धुर्वे प्राथमिक शिक्षक गिठार मलपहरी वार्ड नंबर दस अन्नू लखेरा के मकान में किराए पर रह रहा था दोनों की दोस्ती के कारण एक दूसरे के रूम में आना-जाना था 21 मार्च 2025 को सुनील धुर्वे पंकज उईके के ही रूम में था पंकज उईके उत्कृष्ट विद्यालय मोहगांव में पेपर में ड्यूटी होने के कारण सुनील धुर्वे को अपने रूम में छोड़कर चला गया ड्यूटी से लौटने पर उसने देखा सुनील धुर्वे रूम के सीलिंग फैन में फांसी के फंदे पर झूलता दिखा पंकज उईके ने तुरंत मकान मालिक एवं पड़ोसियों को और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई फांसी कैसे लगाई क्या कारण हो सकता है अभी पता नहीं चल सका है मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## सार-समाचार

### पदोन्नति की मांग को लेकर मप्र तृतीय वर्ग कर्म. संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




**मंडला, देशबन्धु।** म.प्र. तृतीय वर्गकर्म.संघ के जिलाध्यक्ष सतीश मिश्रा के नेतृत्व में .20 मार्च 2025 को पदोन्नति की 8-9 वर्षों से लंबित एकसूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि म.प्र. शासन के विधि एवं विधायी कार्य विभाग, संचालनालाय नगरीय प्रशासन विभाग में पदोन्नतियां की गई हैं। शासन के इन विभागों में माननीय उच्च न्यायालय में पदोन्नति संबधी लंबित याचिकाओं में पारित होने वाले निर्णयों को अधीन रखते हुए पदोन्नतियां दी गई हैं। पदोन्नतियों में रोक लगाने के किसी भी प्रकार के कोई न्यायालयीन निर्देश नहीं होने के बाद भी पदोन्नतियां नहीं दिये जाने की प्रक्रिया समझ से परे है एवं कर्मचारियों के लिए न्यायसंगत भी नहीं है। दो विभागों एवं उससे पूर्व अन्य विभागों में की गई पदोन्नतियों को दृष्टिगत रखते हुए कर्मचारियों को सेवा में आगे बढ़ने के सुनिश्चित अवसर उपलब्ध कराने एवं कर्मचारी हितैषी निर्णय लेते हुए यथाशीघ्र विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आहूत कर पदोन्नति प्रदान करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान असीम गौतम प्रांत प्रमुख शिक्षक संघ जनजातिय कार्य विभाग, सतीश चंद्रोल लिपिक संघ जिला अध्यक्ष, बाल सिंह ठाकुर वन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष, राजीव उसराठे पी एच ई टेक्नीशियन संघ संभागीय अध्यक्ष, कविता शुक्ला ,आरती मिश्रा सुरेखा बैस ,ज्योति मिश्रा ज्ञानलता कुजूर,स्मृति श्रीवास्तव ,सीमा चौरसिया,आशा धुर्वे, संगीता तिवारी,सुनीता तिवारी, रविशंकर साहू, प्रशांत बासल ,अनुपम शुक्ला ,कैलाश नंदा दशरथ बर्मन ,राम मिलन सिंगोर,दशरथ बालरे, कन्हैया तिवारी, प्रेम भाँवरे, शारदा गोप, प्रशांत श्रीवास्तव, रामकिशोर शुक्ला,प्रवीण चन्द्र उपाध्याय, हरि प्रसाद शुक्ला उपस्थित रहे।

### नागरिक कार्यवाही कार्यकम के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**मंडला, देशबन्धु।** देश कि आंतरिक सुरक्षा एवं नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कि मध्य प्रदेश के जिला मण्डला और बालाघाट में तैनात 148 बटा0 द्वारा सैनिक कार्यवाही से आम जनता के बीच भारत सरकार एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रति सकारात्मक सोच व विश्वास को बढ़ाने हेतु नागरिक कार्यवाही कार्यक्रम का आयोजन किये जाते रहे है। इसी कम में दिनोंक-22 मार्च 2025 को विकांत सारंगपाणि, कमाण्डेन्ट-148 बटा0 केरिपु0 बल के मार्ग दर्शन में ग्राम पंचायत-बारगी, थाना-खटिया, जिला-मण्डला के अर्न्तगत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के गाँव बारगी, टाटरी, सारा इत्यादि से करीब 450 आम ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा एवं नि:शुल्क दवाईयों उपलब्ध कराई गई। इस आयोजन पर 148 बटा0 के0रि0पु0वल के श्री मनोरंजन कुमार, उप कमाण्डेन्ट, डॉ0 भाग्यलक्ष्मी एस0, चिकित्सा अधिकारी-148 बटा0 के0रि0पु0बल, और निरीक्षक लाल बहादुर थापा, समवाय अधिकारी डी 148 बटा0 के0रि0पु0 बल मौजूद रहे साथ ही नागरिक प्रशासन की ओर से डॉ0 गिरीश तनवानी, चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, टाटरी, डॉ एम0 बी0 यादव व अन्य सहायक चिकित्सा कर्मचारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, टाटरी और टाटरी पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक पुनीत वाजपेई भी मौजूद रहे। इस आयोजन के दौरान ग्राम पंचायत बारगी के सरपंच उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई व सहयोग प्रदान किया।

# ग्रामों में जल संरक्षण करने का लिया संकल्प



**निवास, देशबन्धु।** विश्व में पानी का संकट बढ़ता जा रहा है अनेकों स्थान जल विहीन हो गए हैं इस जीव जगत में हम सभी जानते हैं की पानी का बहुत बड़ा महत्व हैं इसलिए हम सबको पानी का संरक्षण करना पड़ेगा, हमें अपने जल स्त्रोतों की निरंतर साफ सफाई करनी होगी पानी की एक-एक बूंद को बेकार बहने से रोकना होगा, बोरी बंधान, मेड बन्धान,स्टॉप डेम का सही रखरखाव आदि कार्य करते रहना पड़ेगा, हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद भी इसी कड़ी में कार्य कर रहा है परिषद से जुड़े मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के मेंटर,छात्र एवं छात्राएं, प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, दीवार लेखन, बोरी बंधान, पौधारोपण, बैठक चौपाल के माध्यम से किया जा रहा है। इसी कड़ी में निवास क्षेत्र के ग्राम जुगठार में श्रमदान से 3 फीट गहरा सोकफीट बनाया गया, ग्राम भारद्धारा में रैली एवं चौपाल का कार्यक्रम किया गया, ग्राम बिझौली में रैली एवं ग्राम खड़देवरी में दीवाल लेखन किया गया सभी के द्वारा जल संरक्षण करने का संकल्प लिया गया, इस दौरान जनपद सदस्य रमिया बाई उलाडी, सरपंच रतिराम जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक सूरज बर्मन, परामर्शदाता मनोज तिवारी अभिलाष दुबे, जयप्रकाश झरिया उत्तम परस्ते देवेंद्र सिंह, नवांकुर संस्था से लोकेश्वर गोसाई, शिवकुमार बर्मन, संजय चौधरी, जगत सिंह, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रंगोली चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन



**भुआ बिछिया।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआबिछिया में महिला प्रकोष्ठ एवं महिला बाल विकास कार्यालय भुआ बिछिया के संयुक्त तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रंगोली चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ राखी वंशकार के द्वारा प्रभारी प्राचार्य प्रो दिनेश कुमार चित्रीव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास कार्यालय की परियोजना अधिकारी संध्या मरकाम एवं आई सी डी एस पर्यवेक्षक तरुण राय दसिया कुशराम प्रीति जैन प्रमिला मरावी सेवती वरकडे शिप्रा गोस्वामी रेवती मरावी राजेश्वरी धार्या एवं रवीना मरावी आदि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम छात्रों को बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ अभियान के विषय में जानकारी प्रदान की गई । यह एक महत्वाकांक्षी अभियान है जिसके तहत बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन दिया जाता है। इसके साथ ही साथ छात्राओं को स्वास्थ्य एवं पर्सनल हाइजीन के विषय में व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त संध्या मरकाम के द्वारा साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा के विषय में अत्यंत ही महत्वपूर्ण जानकारी छात्रों को दी गई जिसमें उन्होंने बताया कि वर्तमान युग में छात्राओं को मोबाइल के इस्तेमाल और साइबर अपराध के प्रति सचेत रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी पैड वितरित किए गए साथ ही इसकी आवश्यकता एवं महत्व के विषय में भी जानकारी प्रदान की गई।

# महिष्मति घाट में आयोजित अभा कवि सम्मेलन में कवियों ने बिखेरा जलवा

## कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री, कहा-अटल जी थे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी





**मंडला, देशबन्धु।** भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष पर काव्यांजलि महिष्मति नगरी मण्डला के द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा एवं भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। जिन्होंने कवि सम्मेलन के पूर्व मां नर्मदा की पंचचौंकी महाआरती की और मां नर्मदा के तट पर आयोजित कवि सम्मेलन में पहुंचे जहां पर मां सरस्वती एवं पंडित अटल बिहारी बाजपेयी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन किया। यहां पर कवित्री सुमित्रा सरल ने मां सरस्वती की वंदना की।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने मुख्य अतिथि एवं कवियों का पुष्पमाला से स्वागत किया और इस आयोजन की सम्पूर्ण जानकारी उपस्थित अतिथि और श्रोताओं को दी। इस कवि सम्मेलन में देश के जाने माने वरिष्ठ कवि विष्णु सक्सेना गीतकार, कवि सुदीप भोला (लपेटे में नेता फेम), कवयित्री सुमित्रा सरल श्रृंगार रस, कवि सुमित ओरछा सबरस मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष पर काव्यांजलि महिष्मति नगरी मण्डला के द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और सामाजिक समानता के समर्थक श्री वाजपेयी भारत को सभी राष्ट्रों के बीच एक दूरदर्शी, विकसित, मजबूत और समृद्ध राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ते हुए देखना चाहते थे। वह ऐसे भारत का प्रतिनिधित्व करते थे जिस देश की सभ्यता का इतिहास 5000 साल पुराना है और जो अगले हजार वर्षों में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है।

उन्हें भारत के प्रति उनके निस्वार्थ समर्पण और पचास से अधिक वर्षों तक देश और समाज की सेवा करने के लिए भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण दिया गया। अटलजी एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, नि:स्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, कवि, साहित्यकार, पत्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे।

इस दौरान सरदार पटैल विश्व विद्यालय के कुलाधिपति दिवाकर सिंह, मां रेवती कॉलेज के संचालक अभिषेक चौबे, समाजसेवी डॉ आशीष ज्योतिषी, समाजसेवी गिरीश चंदानी का शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह से अतिथियों ने सम्मान किया। वहीं कार्यक्रम समापन के दौरान कवि विष्णु सक्सेना गीतकार, कवि सुदीप भोला (लपेटे में नेता फेम), कवयित्री सुमित्रा सरल श्रृंगार रस, कवि सुमित ओरछा सबरस का मंच से सम्मान किया गया। यहां पर कवियों को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र के साथ शॉल श्रीफल भेंट करते हुए उनके मंगल मय जीवन की कामना की गई। वहीं जिले के प्रमुख कवि श्याम बैरागी राजेश ठाकुर, शरद नारायण खरे, नवीन जैन अकेला, इन्द्रेश बब्बल खरया, हेमंत श्रीवास्तव, साधना दुबे, रामकुमार सिंह चौहान, कल्पना पांडे, सुनीता सोनी, रेखा ताम्रकार, प्रतिमा बाजपेयी, श्रीमति नवनीता दुबे, योगिता चौरसिया, श्रीमति रश्मि बाजपेयी, प्रीति दुबे, डॉ संध्या शुक्ल, मालती लखेरा, श्रीमति अन्नपूर्णा त्रिपाटी, आशा अवस्थी एवं भयंकर बोस का मंच से शॉल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र से अतिथि एवं कवियों ने सम्मान किया।

# शहरी क्षेत्रों में तो पैसे में मिल जाते हैं मेरिज लॉन व हॉल



यहॉ तो रंगमंच भी अतिक्रमण से नहीं बच रहे

**मण्डला, देशबन्धु।** सार्वजनिक उपयोग के स्थानों पर अवैध रूप से कब्जा करने के जिले में अनेकों मामले की शिकायत लगातार की जाती है लेकिन संबंधित विभाग असहाय नजर आ रहा है। शहरी क्षेत्रों में तो पैसे वालों के लिए अनेक मैरिज लॉन एवं विभिन्न आयोजनों के लिए हॉल, हॉटल उपलब्ध हो जाते हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शादी, विवाह आदि आयोजनों के लिए स्थानों को संरक्षित नहीं किया जा रहा है। ऐंसे सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की जिम्मेदारी शासन प्रशासन की है इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। बढ़ती जनसंख्या के चलते कई बार तो एक गॉव में चार पॉच विवाह उत्सव एक ही तिथि में निर्धारित होते हैं और सार्वजनिक स्थान अतिक्रमण की चपेट में होते जा रहे हैं जो चिन्ता का विषय है। ऐंसे ही एक मामले की शिकायत ग्राम पंचायत इमलीगोहान के लोगों के द्वारा लगातार की जा रही है यहॉ भटियाटोला में विधायक निधि से निर्मित रंगमंच व सीसी रोड को बाधित करते हुए अतिक्रमण कर निर्माण किया जा रहा है जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। और ऐंसे में रंगमंच का उपयोग कैसे होगा तस्वीर से अंदाजा लगाया जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त स्थल के अतिक्रमणधारी को तहसीलदार द्वारा कब्जा हटाने का आदेश पूर्व में दिया जा चुका है, किन्तु अनावेदक मानने को तैयार नहीं है। पीडित ग्रामीणों की मॉग है कि पुलिस बल का उपयोग कर अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाये।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मोहगांव माल जनपद पंचायत मोहगांव

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की ग्राम पंचायत मोहगांव माल अंतर्गत मंगलवार को लगने वाली साप्ताहिक बैठकी बाजार नीलामी वर्ष 2025-26 के लिए दिनांक 27/03/2025 दिन गुरूवार समय 12:30 बजे से किया जाएगा। नीलामी बोली लगाने वाले इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंचकर ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित अमानत राशि 30000 जमा कर बोली लगा सकते हैं। नीलामी की शर्त एवं नियम कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।